# अवैध उत्खनन को लेकर तहसीलदार ने जारी किया नोटिस



**ग्राम पंचायत परासिया में अनियमिता के आरोप**

**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले के अंतर्गत सिवनी विधानसभा के ग्राम पंचायत परासिया में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर नवभारत समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित समाचार के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित तहसीलदार द्वारा ग्राम पंचायत परासिया के सरपंच को कारण बताओ/नोटिस जारी किया गया है। नोटिस की प्रति सरपंच को व्हाट्सएप के माध्यम से भी भेजी गई, ताकि समय पर सूचना प्राप्त हो सके और नियमानुसार जवाब प्रस्तुत किया जा सके। गौरतलब है कि हाल ही में प्रकाशित समाचार में परासिया पंचायत में लाखों रुपये के विकास कार्यों, ग्रेवल सड़क निर्माण, तालाब घाट निर्माण सहित अन्य कार्यों में अनियमितताओं एवं शासकीय राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए गए थे। समाचार के प्रकाशन के बाद ग्रामीणों द्वारा भी निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई थी। और इस मै प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जारी नोटिस में संबंधित कार्यों के संबंध में आवश्यक दस्तावेज एवं स्पष्टीकरण निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सकती है।ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की यह पहल स्वागत योग्य है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि पंचायत स्तर पर होने वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

इसी तरह एक बड़ा तालाब स्नान घाट निर्माण कार्य, जिसकी स्वीकृत राशि लगभग 24.75 लाख रुपये बताई जा रही है, उसमें भी ग्रामीणों ने अनियमितता के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है इसमें भी जो काम हुआ है उस निर्माण में लगभग 600 बोरी सीमेंट, 6 डंपर रेत, 7 डंपर 40 एमएम गिट्टी, 2 डंपर 20 एमएम गिट्टी तथा मजदूरी सहित कुल खर्च लगभग 5.90 लाख रुपये के आसपास होना चाहिए था। जिसका ग्रामीण के पास पूरा वीडियो सबूत के तौर पर है और ग्रामीणों का आरोप है कि इस कार्य में भी करीब 18 लाख रुपये की वित्तीय गड़बड़ी की आशंका है। तो ग्रामीणों ने मांग की है कि दोनों निर्माण कार्यों की स्वतंत्र एजेंसी से तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सार्वजनिक धन के उपयोग की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आगे आएं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई है तो जांच से सच्चाई स्वत: सामने आ जाएगी, और यदि गड़बड़ी पाई जाती है तो दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। जिससे भविष्य में इस तरह के कामों पर अंकुश लग जा सके जिसके चलते ग्रामीण सहित कुछ जनप्रतिनिधि जिला कलेक्टर से लिखित शिकायत के बाद जांच की मांग करने के लिए एकजुट होने वाले हैं अब यह शिकायत के बाद जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करेगा!



**परासिया पंचायत में लाखों के काम में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप**

सरपंच-सचिव की मिलीभगत से करा रहे ठेकेदारों के साथ काम

स्नान घाट में भी भ्रष्टाचार, मटेरियल में अनियमितताएं

वन भूमि पर कब्जे और बांस कटाई का मामला भी उठा, वर्षों पुरानी शिकायतों का क्या हुआ?

इनका कहना है

**अनियमितताओं की जांच की उठी मांग, कलेक्टर से शिकायत**

वही सिवनी। ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर स्थानीय स्तर पर अब पूरे गांव में नए-नए सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों से एकजुट होकर कराए गए निर्माण कार्यों की निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराने की मांग की है। जिसको लेकर जिला कलेक्टर को ग्रामीण कर सकते हैं शिकायत इसके अलावा ग्रामीणों का आरोप है कि परासिया से बेलखेड़ी तक निर्मित ग्रेवल रोड की स्वीकृत राशि लगभग 17 .50 लाख रुपये है। जिस पर ग्रामीणों का कहना है कि कार्य में लगभग 400 ट्रॉली मिट्टी-मुरम, और लगभग लगभग 7 से 8 डंपर चूरी, जेसीबी, ग्रेडर एवं रोलर का सीमित उपयोग किया गया, जिसकी अनुमानित लागत करीब 2 .56 लाख रुपये बैठती है। आरोप है कि शेष राशि के उपयोग को लेकर गंभीर संदेह है और लगभग 11 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता की आशंका जताई जा रही है।

**इनका कहना है**

सार्थक एप के माध्यम से सरपंच को नोटिस जारी किया गया है इस संबंध में जांच करते हैं
**सतीश चौधरी बंडोल तहसीलदार**

ग्रामीणों के लिए रास्ता के लिए उस जमीन को खोदा गया है
**हरिसिंह मरावी ग्राम पंचायत परासिया सरपंच**

मुझे इस संबंध में कोई भी जानकारी नहीं है ग्रामीणों को पता होगा
**नरेंद्र भलावी ग्राम पंचायत परासिया सचिव**

## शिकायत के बाद भी नही दिया ध्यान, सड़क हुई जलमग्न

**सिवनी/केवलारी नवभारत** । जिले की केवलारी नगरपरिषद के दीप ज्योति स्कूल वर्धमान नगर की सड़क पहली ही बारिश में कीचड़, दलदल में तब्दील हो गई है। नागरिकों ने बताया कि अभी तो बारिश की शुरुआत हुई है और पहले ही बारिश में कच्ची सड़क में चलना दूभर हो रहा है वही गड्ढों में पानी भरे रहने के कारण व आसपास कहीं अत्यधिक कीचड़ हो जाने के कारण बाइक को निकालने में जहां काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वही पैदल चलना भी दूभर होता है।

वहीं गड्ढों में पारी भर जाने से स्कूली बच्चों और आम लोगों को आने जाने में भरी परेशानी हो रही है। वहीं कीचड़ ओर गड्ढों में पानी भरने से अनेक मौसमी बीमारी भी होने की संभावना है। स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावक ओर कॉलोनी निवासी जिला प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का निदान जल्द से जल्द किया जाए।



## पहली बरसात में टूट गई 3 .5 करोड़ की सड़क

**मोहबर्रा से सारसडोल के बीच एक माह पूर्व निर्माण की गई सड़क**

**उगली नवभारत। मोहबर्रा सारसडोल के बीच सडक जो तीन करोड़ पचास लाख , और पुल लगभग 1 करोड़ पचास लाख की लागत से निर्माण किया जा रहा है। सिवनी जिले के विधानसभा केवलारी के अंतर्गत उप तहसील उगली मुख्यालय से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मोहबर्रा ग्राम के अंतर्गत निकट ग्राम पंचायत सारसडोल दोनों ग्रामों को जोड़ने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा स्वीकृत लगभग अनुमानित राशि 3 .5करोड़ से सड़क निर्माण कार्य विगत एक माह पूर्व बालाघाट जिले के लामता निवासी आशीष जायसवाल ठेकेदार के द्वारा किया गया।**

विगत दो दिवस से हुई मूसलाधार बरसात की वजह से यह सड़क पहली ही बरसात का पानी नहीं झेल पाई और जिस स्थान पर डेढ करोड़ की लागत से 4 मीटर की ऊंचाई का पुल निर्माण किया जाना है, उससे महज 200 मीटर पहले चार मोघे जो किसानों के खेत का पानी के लिए छोटी सी पुलिया निर्मित की गई है बहाव की स्थिति में रोड दो भागों में टूट गई,

वस्तु स्थिति का जायजा लेने के लिए क्षेत्रीय संवाददाता जब घटना स्थल पर पहुंचे तो पता चला कि अभी इस पुलिया का कार्य प्रगति पर है,

लेकिन सड़क तो कंप्लीट हो चुकी है,मोहबर्रा के किसानों के घरों में पानी घुस गया है, सड़क के किनारे किसी प्रकार की पानी की कटिंग के लिए कोई नाली निर्माण नहीं किया गया। एक किसान ने दूरभाष में शिकायत किया कि मेरे खेत में मोघा लगा दिए थे,जिससे तेज बहाव का पानी मेरे खेत के तालाब को फोड़ते हुए खरीफ की फसल को नुकसान हो गया है,



इस संदर्भ में ठेकेदार आशीष जायसवाल से सुबह जब संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि हमारे निर्माण कार्य में नाली स्वीकृत नहीं थी,जितना एस्टीमेट हमें दिया गया है,उसके अनुरूप कार्य हुआ है सड़क के किनारे किसानों के द्वारा ही मोघे लगाने की अनुमति दी गई थी, जहां तक पुलिया की बात करें तो अभी निर्माण कार्य जारी है,

मानसून सत्र की शुरुआत में पहले ही बरसात में इस टाइप के व्यापक भ्रष्टाचार की पोल सड़क ने खोल कर रख दी है,शासन प्रशासन के पैसों का क्या मजाक बनाया जा रहा है,वर्षों से लंबित मांग मोहबर्राऔर सारसडोल के मध्य तत्कालीन विधायक की स्वीकृति से लगभग करोड़ों रुपए के विकास कार्यों हो रहे थे, जिसकी पोल पहली बरसात में खुलती नजर आ रहे हैं.द्ध ग्रामीन जन किसान मोहबर्रा वैकल्पिक मार्ग के आधार पर सडकों पर जगह-जगह पाइप मोघे लगा दिए गए हैं,

जिससे तेज बहाव का पानी सीधे हमारे खेतों पर पहुंच रहा है, खेत में बने तालाब फूट गये हैं,हमें इस प्रकार के किसी भी मोघों और पानी की जरूरत नहीं है, इससे हमारी फसलों को नुकसान पहुंचेगा और पहुंच भी चुका है, नाली ना होने की वजह से हमारे घरों में भी पानी घुसा है आखिर इसकी भरपाई कौन करेगा.

**इनका कहना हैं**

हमारे इस्टीमेट में नाली निर्माण नहीं है, जितना इस्टीमेट अनुमानित दिया गया है, उसके अंतर्गत कार्य हुआ है, जहां तक बात पुलिया की है तो 4 मीटर ऊंचाई का पुल बनाया जाएगा बरसात के बहाव में मात्र डेढ़ मीटर पानी की स्थिति बहती हुई दिखाई दे रही है, जो अभी कार्य प्रगतिशील है, जिसको बरसात के बाद किया जाएगा. क्योंकि यह प्रकृति का आपदा है जिसके लिए हम लोग जिम्मेदार नहीं है।
**संबंधित ठेकेदार आशीष जायसवाल लामता, बालाघाट**

## घायल बाघों के लिए पेंच में बनेगा रेस्क्यू सेंटर

**पर्यटकों को भी मिलेगा बाघों का दीदार**

**सिवनी नवभारत।** पेंच टाइगर रिजर्व में घायल, बीमार और बचाव के दौरान पकड़े गए बाघों के उपचार एवं संरक्षण के लिए जल्द ही अत्याधुनिक टाइगर रेस्क्यू सेंटर स्थापित किया जाएगा। पेंच प्रबंधन ने इसके लिए बफर क्षेत्र के मोहगांव के समीप लगभग 50 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर राज्य शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाएगा। दोनों स्तरों से मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।

इस प्रस्ताव की खास बात यह है कि यह केवल रेस्क्यू सेंटर नहीं होगा, बल्कि टाइगर सफारी कम रेस्क्यू सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां घायल और उपचाराधीन बाघों को प्राकृतिक वातावरण से मिलते-जुलते बड़े, सुरक्षित और चारों ओर से संरक्षित बाड़े में रखा जाएगा। पर्यटक विशेष बंद वाहनों के माध्यम से इस क्षेत्र का भ्रमण कर सकेंगे और सुरक्षित दूरी से बाघों का दीदार कर पाएंगे।




वर्तमान में पेंच में घायल या बीमार बाघ मिलने पर उन्हें उपचार के लिए प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व के रेस्क्यू सेंटर भेजना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की अतिरिक्त आवश्यकता होती है। नया सेंटर बनने से बाघों का इलाज और पुनर्वास स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा, जिससे वन्यजीव संरक्षण को नई मजबूती मिलेगी।

पेंच टाइगर रिजर्व देश के प्रमुख बाघ अभयारण्यों में शामिल है और हर वर्ष बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक यहां सफारी के लिए पहुंचते हैं। कई बार बफर क्षेत्र की सफारी में बाघ दिखाई नहीं देने से पर्यटकों को निराशा होती है। प्रस्तावित रेस्क्यू सेंटर शुरू होने के बाद उन्हें बाघों को देखने का अतिरिक्त अवसर मिलेगा, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हालांकि इस सफारी के लिए अलग से निर्धारित शुल्क लिया जाएगा।

पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पुनीत गोयल ने बताया कि मोहगांव के पास लगभग 50 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव राज्य शासन को भेज दिया गया है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद इसे भारत सरकार के अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा।

सभी आवश्यक मंजूरियां मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से न केवल घायल बाघों के उपचार की बेहतर व्यवस्था होगी, बल्कि पेंच में वन्यजीव संरक्षण और इको-टूरिज्म को भी नई दिशा मिलेगी।

## केवलारी में 7 जुलाई को होगी विशेष जनसुनवाई

**सिवनी।** जिले के विकासखंड केवलारी में मंगलवार, 7 जुलाई को विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में क्षेत्र के नागरिक अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं, शिकायतों तथा मांगों से संबंधित आवेदन सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। विशेष जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा पात्र मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने केवलारी क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनसुनवाई में उपस्थिति होवे।

## नवागत जिला शिक्षा अधिकारी का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

**सिवनी नवभारत।** नवागत जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित के कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, जिला सिवनी द्वारा इंडियन कॉफी हाउस में उनका आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्री दीक्षित का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उन्हें नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस अवसर पर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नवागत जिला शिक्षा अधिकारी से जिले की शिक्षा व्यवस्था, शासकीय विद्यालयों के संचालन, शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण, विद्यार्थियों के हितों तथा विभागीय कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। संघ के प्रतिनिधियों ने आशा व्यक्त की कि श्री दीक्षित के नेतृत्व में शिक्षा विभाग नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और जिले को पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान बने तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों के हित में प्रभावी निर्णय लिए जाएंगे। और



जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित ने शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारियों द्वारा दिए गए आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की प्राथमिकता विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा शिक्षकों के सहयोग से विभागीय कार्यों का बेहतर के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से सकारात्मक सोच और समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

स्वागत समारोह में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला सचिव अविनाश पाठक, कोषाध्यक्ष संतोष सूर्यवंशी, संगठन मंत्री श्री पटेल, अनिल शर्मा, विनोद त्रिवेदी सहित संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने नवागत जिला शिक्षा अधिकारी के सफल, पारदर्शी एवं जनहितैषी कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया ।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा अंत में सभी ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## नगर परिषद छपारा की लापरवाही से अंबेडकर वार्ड के जायसवाल कॉलोनी के रहवासी परेशान

**छपारा नवभारत।** नगर परिषद छपारा के अंबेडकर वार्ड एवं जयसवाल कॉलोनी में नल-जल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का कार्य ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है। पाइपलाइन डालने के लिए कई सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन कार्य बीच में ही बंद होने से सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

वर्तमान वर्षा ऋतु में इन खुदी हुई सड़कों पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन गई है, जिससे आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों तथा दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ठेकेदार ने एक साथ कई सड़कों की खुदाई कर दी, लेकिन समय पर कार्य पूरा नहीं किया। वहीं नगर परिषद द्वारा ठेकेदार के विरुद्ध कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद अध्यक्ष एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी भी इस गंभीर समस्या पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि अधूरे पड़े कार्य को तत्काल पूरा कराया जाए, क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।



## विधायक ने किया सांसद बंटी साहू की मैहर पदयात्रा का स्वागत

**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा छिंदवाड़ा से मैहर धाम तक की जा रही पवित्र पदयात्रा का सिवनी क्षेत्र आगमन पर भव्य स्वागत किया। सिद्ध हनुमान दादा की नगरी ग्राम जाम पहुंचकर छिंदवाड़ा से मैहर धाम तक की जा रही पवित्र पदयात्रा की आगवानी किया। तथा सांसद विवेक बंटी साहू का भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के साथ फूल माला पहनाकर आत्मीय स्वागत और शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक ने मैहर वाली माता से श्री साहू की पवित्र पदयात्रा के निर्विघ्न सम्पन्न होने की प्रार्थना किया।

**आयोजन** बावड़ी की साफ सफाई, रंग रोगन व साजसज्जा की गई ,बावड़ी किनारे संगोष्ठी आयोजित की गई

# जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का समापन, दिलाई गई शपथ

**बरघाट नवभारत।** प्रदेश में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजनाआर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन विकासखंड बरघाट जिला सिवनी द्वारा दिनांक 19 मार्च से 27 मार्च तक प्रथम चरण में जल गंगा संवर्धन अभियान का जल शक्ति से नवभक्ति ,सुरक्षित जल, समृद्ध कला मुख्य गतिविधि जन सहभागिता, जल स्रोत की साफ सफाई जन जागरूकता ,जल संरक्षण जल स्रोत पूजन प्रभात, फेरी कलश यात्रा ,देवी गीत ,भजन संध्या ,दीप माला ,संकीर्तन आरती दिनांक 28 मार्च से 4 जून में दूसरा चरण में जल स्रोत ,सेवा समागम कार्यक्रम सुरक्षित जल समृद्ध कला मुख्य गतिविधि जन सहभागिता ,जल स्रोत की साफ सफाई गहरीकरण जन, जागरूकता ,जल संरक्षण, मुख्य एवं सहायक नदियों पर सामूहिक श्रम साधन ,नदी



अनुभूति ज्ञान एवं योग जल चौपाल जल संवाद जल स्रोतों के संरक्षण हेतु समर्पित व्यक्तियों का सम्मान नारा लेखन दिनांक 25 महि को गंगा दशहरा कार्यक्रम किया गया है जिसमें पूजन विधि विधान से जल में किया गया है। 5 जून से 30 जून में तीसरा चरण में बावड़ी उत्सव कार्यक्रम जन सहभागिता जल स्रोतों की साफ सफाई गहरीकरण जल संरक्षण के लिए जागरूकता दस्तावेजीकरण बावड़ी की साफ सफाई रंग रोगन साज सजा और रंगोली सांस्कृतिक संध्या बावड़ी किनारे संगोष्ठी जल स्रोतों के संरक्षण हेतु समर्पित व्यक्तियों का सम्मान आदि जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का समापन 30 जून से स्थान बेर तालाब वार्ड क्र. 9 नगर परिषद बरघाट में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बरघाट के द्वारा बेर तालाब में जन सहभागिता से जल स्रोत पर उत्सव का आयोजन किया गया है।

आयोजन स्थल की साज सज्जा गतिविधियां जल स्रोत के पास साफ सफाई ,रंग रोगन ,दीप माला ,पुष्प सज्जा ,रंगोली एवं परंपरागत पूजन किया गया है ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती इमरता साहू अध्यक्ष नगर परिषद बरघाट, विशिष्ट अतिथि श्रीमती ममता अनिल पाठक उपाध्यक्ष नगर परिषद बरघाट ,मंडलअध्यक्ष हेमंत राहांगडाले सभापति एवं पार्षद नगर परिषद बरघाट की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया है। पूजा अर्चना के लिए विधि विधान से सुखराम उईके तहसील समन्वयक गायत्री शक्तिपीठ बरघाट के द्वारा जल में अतिथियों से पूजा कराया गया, गंगा जी की आरती की गई।

**15 अगस्त से चलाया जायेगा तैराकी प्रशिक्षण**

भारत लाल देशमुख अध्यक्ष मां शक्ति संस्थान के द्वारा बताया गया कि जल ही जीवन है इसके संरक्षण में सभी को सहयोग करना है इनके द्वारा तैराकी के संबंध में भी जानकारी दी गई है कि 15 अगस्त से तैराकी प्रशिक्षण चलाया जाएगा जिसमें तैराकी प्रशिक्षण का उद्देश्य यह बताया गया है कि पानी में डूबने से किसी की मृत्यु नहीं होना चाहिए कोई भी तैराकी सीख सकता है। कार्यक्रम का संचालन धनीराम ठाकुर अध्यक्ष दीनबंधु विकलांग संस्था धारणा कला द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित अनिल पाठक सांसद प्रतिनिधि , हिमांशु चौहान अध्यक्ष पर्यटन फाउंडेशन संस्था जाम , सुनील नामदेव कार्यक्रम समन्वयक ह्यूमन रिसोर्स फेडरेशन बरघाट, राजेंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष उमंग फाउंडेशन बरघाट ,डॉ रविंद्र सिंह रांहगडाले ( विधायक प्रतिनिधि )बोरी मेंटर्स में श्रीमती अभिलाषा रांहगडाले ,भूपेंद्र देशमुख , अनिल सदाफल सामाजिक कार्यकर्ता नगर परिषद के कर्मचारी , गण मान्य नागरिक गण ,प्रेस, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य लोगों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम के समापन में शपथ दिलाई गई है ।

## सिहोरा तालाब के पास शव मिलने से सनसनी, आकस्मिक मौत पर परिजनों ने उठाए सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

**लखनादौन/सिहोरा नवभारत।** लखनादौन विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिहोरा में उस समय सनसनी फैल गई, जब श्री लखन लाल गोल्हानी जीके सुपुत्र स्वर्गीय मोहनलाल गोल्हानीकी मृत्यु हो गई गौशाला के नजदीक स्थित तालाब में शव बरामद हुआ। इस आकस्मिक मौत की खबर मिलते ही सिहोरा सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

पुलिस की मौजूदगी में हुआ पंचनामा घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने कानून व्यवस्था और अपनी कड़ी निगरानी में घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद शव को तालाब से बाहर निकालकर पंचनामा व अन्य आवश्यक



वैधानिक औपचारिकताएं पूरी की गईं। मौत के कारणों पर उठे सवाल, परिजनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट इस अचानक हुई मौत ने ग्रामीणों और परिजनों के मन में कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना से स्तब्ध परिजनों ने तत्काल पुलिस मुख्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों का स्पष्ट कहना है कि मौत किन परिस्थितियों में और कैसे हुई, इसकी जांच की जावे ।

**किराए से देना**

अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।

संपर्क करे
6264000057